दैनिक जागरण 26/02/2023

# जीएमएन कालेज में पावर प्वाइंट की दी प्रस्तुति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज के वाणिज्य विभाग ने पावरप्वाइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता कराई। बीकाम और एम.काम के 20 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. पिंकी गुप्ता और प्रो. रीत कौर ने किया। विद्यार्थियों ने बेस्ट एंपलायर्स टू वर्क विद विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। डा. अनुराधा और डा. सुमन ने निर्णायक की भूमिका अदा की। विशाल तथा हिमांशु प्रथम, हर्षिता तथा मेहकदीप द्वितीय, दिव्य तथा नंदिनी तृतीय और तमन्ना तथा सिमरजीत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित, वाणिज्य विभाग के प्रो. राममूर्ति, प्रो. सुरेंद्र तथा प्रो. रमनीत कौर उपस्थित रहे। (विज्ञप्ति)